# डॉकयार्ड अप्रेंटिस स्कूल
# नौसेना डॉकयार्ड मुंबई-400023




## विनिर्दिष्ट ट्रेडों में शिक्षुता प्रशिक्षण हेतु नामांकन (आईटी-26)

1. डॉकयार्ड अप्रेंटिस स्कूल में नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई द्वारा शिक्षुता नियम 1992 के साथ पठित शिक्षुता अधिनियम, 1961 के अंतर्गत शिक्षुता प्रशिक्षण में नामांकन के लिए विभिन्न विनिर्दिष्ट ट्रेडों में आईटीआई उत्तीर्ण/फ्रेशर अभ्यर्थियों (पुरुष/महिला) से **https://dasapprenticembi.recttindia.in** पर ऑनलाइन आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैं. नीचे दर्शाए गए वितरण के अनुसार कुल **301** रिक्तियां भरी जानी हैं:-

| क्र.सं. | शिक्षुता प्रशिक्षण ट्रेड | पात्र आईटीआई ट्रेड | रिक्तियां | रिक्तियां का वितरण | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अजा | अजजा | अपिव | अनारक्षित | पीडब्ल्यूडी | सशस्त्र |
| एक वर्षीय | | | | | | | | | |
| 1 | इलेक्ट्रिशियन | इलेक्ट्रिशियन | 40 | 4 | 4 | 8 | 24 | विभिन्न ट्रेडों में उम्मीदवारों की उपलब्धता के आधार पर 3% क्षैतिज आरक्षण | विभिन्न ट्रेडों में उम्मीदवारों की उपलब्धता के आधार पर 3% क्षैतिज आरक्षण |
| 2 | इलेक्ट्रोप्लेटर | इलेक्ट्रोप्लेटर | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | | |
| 3 | फिटर | फिटर | 50 | 5 | 5 | 10 | 30 | | |
| 4 | फाउण्ड्री मैन | फाउण्ड्री मैन | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | | |
| 5 | मैकेनिक (डीजल) | मैकेनिक (डीजल) | 35 | 4 | 3 | 7 | 21 | | |
| 6 | इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक | इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक | 7 | 1 | 1 | 1 | 4 | | |
| 7 | मशीनिस्ट | मशीनिस्ट | 13 | 1 | 1 | 3 | 8 | | |
| 8 | एमएमटीएम | मैकेनिक मशीन टूल मेंटेनेंस | 13 | 1 | 1 | 3 | 8 | | |
| 9 | पेंटर (जी) | पेंटर (जी) | 9 | 1 | 1 | 2 | 5 | | |
| 10 | पैटर्न मेकर | पैटर्न मेकर/कारपेंटर | 2 | 0 | 0 | 0 | 2 | | |
| 11 | पाइप फिटर | प्लम्बर | 13 | 1 | 1 | 3 | 8 | | |
| 12 | इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक | इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक | 26 | 3 | 2 | 5 | 16 | | |
| 13 | मैकेनिक रेफ्र. एंड एसी | मैकेनिक रेफ्र. एंड एसी | 7 | 1 | 1 | 1 | 4 | | |
| 14 | शीट मेटल वर्कर | शीट मेटल वर्कर | 3 | 0 | 0 | 0 | 3 | | |
| 15 | शिपराइट (वुड) | कारपेंटर | 18 | 2 | 2 | 3 | 11 | | |
| 16 | टेलर (जी) | सिलाई प्रौद्योगिकी/पोशाक निर्माण | 3 | 0 | 0 | 0 | 3 | | |
| 17 | वेल्डर (जीएंडई) | वेल्डर | 20 | 2 | 2 | 4 | 12 | | |
| 18 | मेसन (बीसी) | मेसन (बीसी) | 8 | 1 | 1 | 2 | 4 | | |
| 19 | आई एंड सीटीएसएम | आई एंड सीटीएसएम/आईटी एंड ईएसएम | 3 | 0 | 0 | 0 | 3 | | |
| 20 | शिपराइट (स्टील) | फिटर | 16 | 2 | 1 | 3 | 10 | | |
| दो वर्षीय | | | | | | | | | |
| 21 | रिगर | फ्रेशर (8वीं उत्तीर्ण) | 12 | 1 | 1 | 2 | 8 | | |
| 22 | फोर्जर और हीट ट्रीटर | फ्रेशर (10वीं उत्तीर्ण) | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | | |
| | | कुल | 301 | 30 | 27 | 57 | 187 | | |

2. रिक्तियों का आरक्षण

(क) **अजा/अजजा अभ्यर्थियों के लिए-** अजा/अजजा अभ्यर्थियों के लिए रिक्तियां शिक्षुता नियम 1992 के नियम 5 की अनुसूची-IIए के साथ पठित शिक्षुता अधिनियम, 1961 के अध्याय-2 की धारा 3 ए. (1) और (2) तथा धारा 3बी (1) तथा (2) दोनों के अनुरूप आरक्षित हैं, बशर्ते कि जब अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों की निर्धारित संख्या उपलब्ध न हो, तो उनके लिए आरक्षित रिक्तियों को अनुसूचित जनजातियों अथवा जो भी मामला हो, अनुसूचित जाति से संबंधित व्यक्तियों से भरा जा सकता है, और यदि निर्धारित रिक्ति ऊपर दिए गए तरीके से भी नहीं भरी जा सकती है, तो इस तरह खाली पड़ी रिक्तियों को ऐसे व्यक्तियों से भरा जा सकता है, जो कि अनुसूचित जातियों अथवा अनुसूचित जनजातियों से संबंधित नहीं हैं.

(ख) **अपिव अभ्यर्थियों के लिए-** अपिव अभ्यर्थियों के लिए रिक्तियां शिक्षुता अधिनियम, 1961 के नियम 5 (2) तथा महाराष्ट्र राज्य राजपत्र अधिसूचना दिनांक 01 अगस्त 2006 के अनुरूप आरक्षित हैं. यदि अपिव अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित रिक्तियां अन्य पिछड़े वर्गों से नहीं भरी जा सकती हैं तो इस तरह खाली पड़ी रिक्तियों को ऐसे व्यक्तियों से भरा जा सकता है जो अन्य पिछड़ा वर्गों से संबंधित नहीं हैं.

(ग) **दिव्यांगजनों के लिए-** शिक्षुता प्रशिक्षण के लिए रिक्तियां डीजीईटी पत्र डीजीईएंडटी-50(3)/2006-एपी दिनांक 24.04.2006 के तहत आरक्षित की गई हैं.

(घ) **सशस्त्र बलों के लिए-** भूतपूर्व सैनिकों, उनके बच्चों तथा सशस्त्र बल कार्मिकों के बच्चों के लिए रिक्तियां डीजीईएंडटी पत्र संख्या डीजीईएंडटी-23(2)/87-एपी दिनांक 26.03.1987 और शिक्षुता प्रशिक्षण मैनुअल पैरा 3.6.3 के तहत नीचे दिए गए विवरण के अनुरूप आरक्षित हैं:-

(i) मृत/निःशक्त भूतपूर्व सैनिकों के बच्चे, उनके सहित, जो कि शांति काल के दौरान मारे गए/निःशक्त हुए.

(ii) भूतपूर्व सैनिकों के बच्चे

(iii) सेवारत जवानों के बच्चे

(iv) सेवारत अधिकारियों के बच्चे

(v) भूतपूर्व सैनिक

**3. पात्रता शर्तें**

(क) **अर्हताएं**- शिक्षुता अधिनियम, 1961 की अनुसूची-I के अनुरूप अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता:

| क्रमांक | ट्रेड | अर्हता | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| (i) | आईटीआई ट्रेड | आईटीआई (एनसीवीटी/एससीवीटी) | उत्तीर्ण |
| (ii) | गैर आईटीआई ट्रेड... | | |
| | (एए) रिगर | आठवीं कक्षा | उत्तीर्ण |
| | (एबी) फोर्जर हीट ट्रीटर | एसएससी/मैट्रिक/दसवीं कक्षा | उत्तीर्ण |

रिगर और फोर्जर हीट ट्रीटर के लिए 'फ्रेशर' के रूप में नामांकित होने वाले उम्मीदवारों की योग्यता क्रमशः कक्षा 8वीं और 10वीं उत्तीर्ण होगी.

(ख) **आयु**- कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) कार्यालय ज्ञापन संख्या एफ.सं. एमएसडीई-14(03)/2021 एपी-(पीएमयू) दिनांक 20 दिसंबर 2021 के अनुसार शिक्षुता प्रशिक्षण के लिए ऊपरी आयु पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा. शिक्षुता अधिनियम 1961 के अनुसार न्यूनतम आयु 14 वर्ष है और खतरनाक व्यवसायों के लिए यह 18 वर्ष है. तदनुसार, जून 2010 से पहले जन्म लेने वाले अभ्यर्थी गैर-खतरनाक ट्रेड के लिए पात्र हैं और जून 2006 से पहले जन्म लेने वाली अभ्यर्थी खतरनाक ट्रेड के लिए पात्र हैं. अभ्यर्थियों को इस बात की जानकारी होनी चाहिए कि नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई में ट्रेड्समैन स्किल्ड के पद के लिए भर्ती नियमों में एक आयु सीमा निर्धारित है.

(ग) **न्यूनतम शारीरिक मानदंड-** ऊंचाई 150 सें.मी., वजन 45 कि.ग्रा. से कम न हो, सीना विस्तार 5 सें.मी. से कम नहीं, नेत्र दृष्टि 6/6 और 6/9 (6/9 चश्मे के साथ सुधार), बाह्य और आंतरिक अंग सामान्य हों. शारीरिक फिटनेस मानदंड रक्षा मंत्रालय के पत्र एफ.एम/0442/एनएचक्यू/1278 डी (एन-II) दिनांक 14 नवंबर 1996 के अनुरूप हैं.

(घ) **पूर्ववर्ती प्रशिक्षण-** किसी सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र/निजी औद्योगिक संगठन में शिक्षुता अधिनियम-1961 के अंतर्गत पहले से अथवा वर्तमान में शिक्षुता प्रशिक्षण ले रहे अभ्यर्थी वर्तमान नामांकन हेतु आवेदन करने के पात्र नहीं हैं.

4. **शिक्षुओं को वृत्तिका का भुगतान-** शिक्षुओं को प्रति माह देय वृत्तिका की न्यूनतम दर का पालन किया जाएगा (25 सितंबर 2019 के भारत के राजपत्र का पैरा 5 (i) (1)).

5. **संभावित अभ्यर्थियों को सूचनाएं-** तिथियों की अनुसूची में किसी भी परिवर्तन, संशोधन आदि के मामले में यह वेबसाइट **https://dasapprenticembi.recttindia.in** पर उपलब्ध होगा.

6. **चयन प्रक्रिया-** पैरा 1 में इंगित रिक्तियों के लिए लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों का अल्पसूचीकरण मौजूदा नीतियों के अनुसार ट्रेड वार किया जाएगा और विज्ञापन की अंतिम तिथि को प्राप्त वैध ऑनलाइन आवेदनपत्रों (उपरोक्त पैरा 3 में उल्लिखित सभी मानदंडों को पूरा करने वाले) के आधार पर किया जाएगा. लिखित परीक्षा, साक्षात्कार और अंतिम कॉल लेटर के लिए चयन और संबंधित योग्यता सूची के संबंध में निम्नलिखित प्रक्रिया का पालन किया जाएगा:-

(क) **प्रारंभिक मैरिट सूची:** वैध आवेदन-पत्र वाले अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा में उपस्थित होने के लिए प्रारंभिक मैरिट सूची में रखा जाएगा. प्रारंभिक मैरिट सूची ट्रेड तथा श्रेणी वार तैयार की जाएंगी. प्रारंभिक मैरिट सूची बनाने की प्रक्रिया इस प्रकार होगी:-

(i) **आईटीआई ट्रेड वाले अभ्यर्थी:-** आईटीआई ट्रेडों के लिए अनंतिम मैरिट सूची आईटीआई ट्रेडों में आईटीआई में प्राप्त अंकों के उनके कुल प्रतिशत (%) के आधार पर तैयार की जाएगी. आईटीआई में समान कुल प्रतिशत

(शेष पृष्ठ 35 पर)

(पृष्ठ 34 का शेष)

के बराबर होने की स्थिति में, 10वीं कक्षा में कुल प्रतिशत (%) तुलना की जाएगी. फिर बराबरी की स्थिति में, अभ्यर्थियों की जन्म तिथि की तुलना की जाएगी, और आयु में बड़े व्यक्ति को अन्यों से ऊपर रखा जाएगा. इसके आगे भी बराबरी बने रहने पर, मैरिट के क्रम का निर्णय करने हेतु अक्षर क्रम (बढ़ते क्रम में) में अभ्यर्थियों के प्रथम नाम इसके बाद मध्य नाम इसके बाद उप नाम (अक्षर क्रम 'ए' से शुरू करके 'जेड' तक) पर विचार किया जाएगा.

(ii) **गैर-आईटीआई ट्रेड वाले अभ्यर्थी:-** गैर-आईटीआई ट्रेडों के लिए अनंतिम मैरिट सूची क्रमशः 8वीं (रिगर ट्रेड के लिए) और 10वीं (फोर्जर और हीट ट्रीटर ट्रेड के लिए) में प्राप्त अंकों के कुल प्रतिशत (%) के आधार पर तैयार की जाएगी. बराबरी की स्थिति में, अभ्यर्थियों की जन्म तिथि की तुलना की जाएगी, और आयु में बड़े व्यक्ति को अन्यों से ऊपर रखा जाएगा. इसके आगे भी बराबरी बने रहने पर, मैरिट के क्रम का निर्णय करने हेतु अक्षर क्रम (बढ़ते क्रम में) में अभ्यर्थियों के प्रथम नाम इसके बाद मध्य नाम इसके बाद उप नाम (अक्षर क्रम 'ए' से शुरू करके 'जेड' तक) पर विचार किया जाएगा.

(ख) **लिखित परीक्षा-** लघुसूचीबद्ध अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा के लिए प्रत्येक ट्रेड और श्रेणी में उपलब्ध प्रत्येक रिक्ति के लिए 1:20 के अनुपात में ई-मेल के माध्यम से ई-प्रवेश पत्र जारी किया जाएगा. उदाहरणार्थ इलेक्ट्रिशियन ट्रेड के लिए 10 अनारक्षित रिक्तियों के लिए संगत मैरिट के अनुसार सर्वोच्च 200 अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा.

(ग) **लिखित परीक्षा की योजना- लिखित परीक्षा ओएमआर आधारित होगी और इसमें** बहुविकल्पीय प्रश्न शामिल होंगे [सामान्य विज्ञान 35, गणित (संख्यात्मक योग्यता) 35, सामान्य जागरूकता (सभी ट्रेडों के लिए सामान्य) 30]. गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंकन नहीं होगा. लिखित परीक्षा की अवधि 02 घंटे होगी.

(घ) **लिखित परीक्षा का माध्यम-** प्रश्न पत्र अंग्रेजी और हिंदी दोनों में द्विभाषी होगा.

(ङ) **परीक्षा का केंद्र- परीक्षा का केंद्र केवल मुंबई होगा** और **परीक्षा 24 मई को आयोजित** की जाएगी. लिखित परीक्षा की सही तिथि, समय और स्थान के बारे में अभ्यर्थियों को केवल उनके पंजीकृत ई-मेल आईडी पर ऑनलाइन बुलावा पत्रों के जरिए सूचित किया जाएगा. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे नियमित रूप से अपने ई-मेल देखते रहें.

(च) **अनंतिम मैरिट सूची-** लिखित परीक्षा के आयोजन के बाद, लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर ट्रेड और श्रेणी वार अनंतिम मैरिट सूची तैयार की जाएगी. बराबरी की स्थिति में, अभ्यर्थियों की जन्म तिथि की तुलना की जाएगी, और आयु में बड़े व्यक्ति को अन्यों से ऊपर रखा जाएगा. इसके आगे भी बराबरी बने रहने पर, मैरिट के क्रम का निर्णय करने हेतु अक्षर क्रम (बढ़ते क्रम में) में अभ्यर्थियों के प्रथम नाम इसके बाद मध्य नाम इसके बाद उप नाम (अक्षर क्रम 'ए' से शुरू करके 'जेड' तक) पर विचार किया जाएगा. अनंतिम मैरिट सूची में लघुसूचीबद्ध अभ्यर्थियों को प्रत्येक ट्रेड और श्रेणी में प्रत्येक उपलब्ध रिक्ति के लिए 1: 3 के अनुपात में साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा.

(छ) **साक्षात्कार-** अनंतिम सूची में लघुसूचीबद्ध किए गए अभ्यर्थियों के लिए साक्षात्कार मुंबई में आयोजित किया जाएगा. चयनित अभ्यर्थियों को साक्षात्कार की सटीक तिथि की जानकारी ईमेल के माध्यम से दी जाएगी. साक्षात्कार में निम्नलिखित शामिल होंगे:-

(i) **दस्तावेज़ सत्यापन-** साक्षात्कार के दौरान अभ्यर्थियों के निम्नलिखित मूल प्रमाणपत्रों का सत्यापन किया जाएगा:-

(एए) एसएससी/मैट्रिकुलेशन प्रमाणपत्र
(एबी) आईटीआई प्रमाणपत्र
(एसी) आधार कार्ड
(एडी) जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)
(एई) पीडब्ल्यूडी प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)
(एएफ) भूतपूर्व सैनिक/सशस्त्र बल कार्मिक प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)
(एजी) खेल प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)

(ii) **मौखिक परीक्षा-** दस्तावेज सत्यापन में सफल अभ्यर्थियों का उनके संबंधित ट्रेड में तकनीकी कौशल परीक्षण किया जाएगा.

(ज) **अंतिम मैरिट सूची-** बोर्ड द्वारा मूल्यांकन के आधार पर लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर अंतिम मैरिट सूची, ट्रेड और श्रेणीवार तैयार की जाएगी. अंतिम मैरिट सूची आरक्षित सूची में पर्याप्त अभ्यर्थियों के साथ तैयार की जाएगी. इसके बाद, अंतिम मैरिट सूची में लघुसूचीबद्ध किए गए अभ्यर्थियों को वेबसाइट **https://dasapprenticembi.recttindia.in** पर और उनके पंजीकृत ईमेल आईडी पर ऑनलाइन संचार के माध्यम से मैरिट स्थिति (मेडिकल फिटनेस सहित) के आधार पर प्रशिक्षुता प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए बुलाया जाएगा. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपना ईमेल नियमित रूप से देखते रहें.

7. **चिकित्सा परीक्षण-** प्रत्येक अभ्यर्थी की सरकारी अस्पताल द्वारा चिकित्सकीय जांच की जाएगी और शिक्षुता नियम, 1992 के नियम 4 और अनुसूची-II के अनुसार फिट घोषित किया जाएगा और सरकारी अस्पताल द्वारा प्रदान किया गया मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र प्रशिक्षु के रूप में नियुक्त होने से पहले जमा करना होगा.

8. **प्रशिक्षण का प्रारम्भ-** जुलाई 2024.

9. **यात्रा व्यय-** लिखित परीक्षा/दस्तावेज़ सत्यापन के लिए बुलाए गए अभ्यर्थियों को कोई यात्रा खर्च देय नहीं होगा.

10. **भोजन/आवास-** लिखित परीक्षा/दस्तावेज़ सत्यापन के लिए बुलाए गए अभ्यर्थियों को अपने भोजन और आवास की व्यवस्था स्वयं करनी होगी. संपूर्ण चयन प्रक्रिया के दौरान नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई द्वारा अभ्यर्थी को कोई आवास उपलब्ध नहीं कराया जाएगा.

11. **ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरना-** अभ्यर्थियों से **https://dasapprenticembi.recttindia.in** पर लॉग ऑन करना और ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरना अपेक्षित है. इसके अलावा, ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के लिए उक्त वेबसाइट रोज़गार समाचार में अधिसूचना के प्रकाशन के तीसरे दिन (10:00 बजे) से खुल जाएगी और रोज़गार समाचार में प्रकाशन की तिथि के 21 दिन बाद (23:50 बजे तक) तक खुली रहेगी. अभ्यर्थियों से यह भी अनुरोध है कि ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने के लिए वे निम्नलिखित अच्छी गुणवत्ता के/पढ़ने योग्य ए4 आकार में केवल पीडीएफ प्रारूप में विधिवत स्कैन किए गए दस्तावेज, और फाइल का आकार 200 केबी तक हो (नीचे क्रम सं. (क), (ज) और (ञ) को छोड़कर), अपलोड करें:-

(क) अभ्यर्थी का सफेद पृष्ठभूमि में पासपोर्ट आकार का फोटो .JPEG/.JPG प्रारूप में (आकार 3.5 सें.मी. × 4.5 सें.मी.).

(ख) एसएससी/मैट्रिकुलेशन (10वीं कक्षा) का अंकपत्र और जन्म तिथि का प्रमाण (जन्म प्रमाण-पत्र या आधार कार्ड).

(ग) आठवीं कक्षा का अंकपत्र (जहां कहीं लागू हो).

(घ) आईटीआई का अंकपत्र (जहां कहीं लागू हो).

(ङ) समुदाय प्रमाणपत्र (अजा/अजजा/अपिव (गैर संपन्न वर्ग प्रमाण-पत्र सहित) वर्तमान में लागू नीतियों / विनियमों के अनुरूप प्रस्तुत किया जाना है.

(च) शारीरिक निःशक्तता का प्रमाण-पत्र, यदि लागू हो.

(छ) सशस्त्र सेना कार्मिक/भूतपूर्व सैनिक के पुत्र/पुत्री का प्रमाण-पत्र, यदि लागू हो.

(ज) अभ्यर्थी का आधार/पैन कार्ड/पासपोर्ट अथवा समय-समय पर सरकार द्वारा निर्धारित कोई अन्य पहचान प्रमाण .JPEG / .JPG प्रारूप में (फाइल आकार 200 केबी तक).

(झ) अभ्यर्थी का आधार कार्ड (**अनिवार्य**) .JPEG / .JPG प्रारूप में (फाइल आकार 200 केबी तक).

(ञ) मोबाइल फोन/कैमरा से लिए गए और अपलोड किए गए स्वयं के फोटोग्राफ और अन्य दस्तावेजों के फोटोग्राफ स्वीकार्य नहीं हैं.

12. **रोज़गार का प्रस्ताव और स्वीकार्यता-** प्रशिक्षण पूरा होने के उपरांत किसी भी प्रशिक्षु को कोई रोज़गार का प्रस्ताव करने के लिए नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई की जिम्मेदारी नहीं है और न ही प्रशिक्षु के लिए कोई रोज़गार स्वीकार करना, यदि नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई द्वारा प्रस्ताव किया जाता है, अनिवार्य है. अभ्यर्थियों को स्वयं को शिक्षुता अधिनियम 1961 और दिव्यांगता अधिनियम 1995 के अधीन नियमों और विनियमों से सुपरिचित कर लेना चाहिए. यद्यपि, लागू एसआरओ 43/2012 और 31/2017 के अनुसार, ट्रेडसमैन स्किल्ड की सीधी भर्ती में निर्धारित ट्रेडों में पूर्व नौसेना शिक्षुओं का 60 प्रतिशत चयन शामिल है. उपर्युक्त योजना के अनुसार शिक्षुता प्रशिक्षण पूरा करने पर, सफल अभ्यर्थी रक्षा मंत्रालय के उक्त लागू भर्ती नियमों और आदेशों के प्रावधानों के अनुरूप भारतीय नौसेना द्वारा जब कभी भी भर्ती की जाती है, ट्रेडसमैन स्किल्ड के तौर पर भर्ती के लिए आवेदन करने के पात्र हो जाएंगे.

13. अभ्यर्थियों को इस बात की जानकारी होनी चाहिए कि नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई में ट्रेड्समैन स्किल्ड के पद के लिए भर्ती नियमों में एक आयु सीमा निर्धारित है.

14. **निबंधन एवं शर्तें-** प्रशिक्षण के दौरान, प्रशिक्षु केवल नौसेना डॉकयार्ड औषधालय से निःशुल्क चिकित्सा इलाज के लिए हकदार होंगे.

15. **सामान्य सूचना-** आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे निम्नलिखित अनुदेशों को ध्यान से नोट कर लें:-

(क) अभ्यर्थियों को **https://dasapprenticembi.recttindia.in** के माध्यम से केवल ऑनलाइन आवेदन करना है. कोई भौतिक फॉर्म स्वीकार नहीं किए जाएंगे.

(ख) अभ्यर्थियों से परीक्षा के लिए किसी शुल्क का भुगतान करना अपेक्षित नहीं है.

(ग) ऑनलाइन आवेदन पत्र प्रस्तुत किए जाने, 'पावती' की रसीद, प्रवेश पत्र की प्राप्ति और परीक्षा में उपस्थित होने मात्र से विनिर्दिष्ट ट्रेडों में शिक्षुता प्रशिक्षण के लिए नामांकन की कोई गारंटी नहीं हो जाती है. अभ्यर्थियों का चयन श्रेणीवार उपलब्ध रिक्तियों, मूल प्रमाणपत्रों की जांच, स्पष्ट पुलिस सत्यापन रिपोर्ट और चिकित्सा जांच आदि पर विचार करते हुए मैरिट स्थान के आधार पर किया जाएगा.

(घ) अभ्यर्थियों से आवेदन-पत्र और प्रवेश पत्र की हार्ड प्रति नौसेना डॉकयार्ड को भेजना अपेक्षित नहीं है. इन्हें अभ्यर्थियों को अपने पास रख लेना चाहिए और दस्तावेज सत्यापन के समय प्रस्तुत करना चाहिए.

(ङ) अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने और किसी अद्यतनों तथा परिवर्तनों के लिए वेबसाइट **https://dasapprenticembi.recttindia.in** देखना अपेक्षित है.

(च) अभ्यर्थियों से समय-समय पर सूचनाएं/अद्यतन जानकारी प्राप्त करने के लिए अपना निजी वैध मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी देना अपेक्षित है.

(छ) किसी भी प्रकार की सिफारिश से अभ्यर्थी अयोग्य हो जाएगा. चयन प्रक्रिया पूरी तरह मैरिट पर संचालित की जाएगी. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि किसी धोखेबाज तत्वों के बहकावे में न आएं.

(ज) अभ्यर्थियों को परीक्षा हॉल में केवल वैध प्रवेश पत्र, अभ्यर्थी द्वारा डाउनलोडिड और प्रिंटिडए जिस पर स्पष्ट फोटोग्राफ और हस्ताक्षर होने चाहिए, तथा आधार कार्ड के साथ प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी. प्रवेश पत्र और आधार कार्ड में विवरण के ई-मेल होने की स्थिति में, उम्मीदवार को लिखित परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जायेगी. दस्तावेज अपलोड करते समय, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि यह सुनिश्चित कर लें कि प्रवेश पत्र पर प्रिंटिंग हेतु उनके फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड किए गए हैं.

(झ) अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में छद्मरूपण का प्रयास नहीं करना चाहिए अथवा किसी छद्मरूपण का सहारा नहीं लेना चाहिए अथवा पड़ोसी अभ्यर्थियों, पुस्तकों से नकल करने और किसी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रयोग करने का प्रयास नहीं करना चाहिए.

(ञ) तथ्यों को छिपाए जाने अथवा जाली प्रमाणपत्र प्रस्तुत किए जाने से चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में उम्मीदवारी नामंजूर की जा सकती है.

(ट) यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार के अनुचित तरीके अपनाते पाया जाता है, उसकी उम्मीदवारी सरसरी तौर पर ही प्रतिबंधित कर दी जाएगी और उसे भविष्य में भारतीय नौसेना द्वारा आयोजित किसी भी परीक्षा/लिखित परीक्षा में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

(ठ) पात्रता: किसी भी आवेदन-पत्र को स्वीकार/अस्वीकार करने, भाषा, परीक्षा केंद्र के आवंटन आदि से संबंधित सभी मामलों में एडमिरल सुपरिटेंडेंट, नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई का निर्णय अंतिम और अभ्यर्थी के लिए बाध्यकारी होगा और इस संबंध में किसी भी पूछताछ/पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा.

(ड) लागू नियमानुसार विनिर्दिष्ट ट्रेड प्रशिक्षुओं की नियुक्ति की शर्तों एवं निबंधन में बाद में कोई भी परिवर्तन मान्य होगा. भारतीय नौसेना के पास इस विज्ञापन सूचना के अधीन यथावश्यक और लागू शर्तों एवं निबंधन में बाद में किसी परिवर्तन/संशोधनों/विस्तार करने का अधिकार सुरक्षित है. कोई भी शुद्धिपत्र वेबसाइट: **https://dasapprenticembi.recttindia.in** पर प्रकाशित किया जाएगा.

(ढ) लिखित परीक्षा के लिए आवेदन कर रहे अभ्यर्थियों को सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे परीक्षा के लिए प्रवेश हेतु सभी पात्रता मानदंड पूरा करते हैं. परीक्षा के सभी चरणों में उनका प्रवेश पूरी तरह अनंतिम, उनके निर्धारित पात्रता शर्तें पूरी करने के विषयाधीन होगा. यदि दस्तावेजों के सत्यापन करने पर, लिखित परीक्षा से पहले अथवा बाद में किसी भी समय, यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी कोई पात्रता शर्तें पूरी नहीं करता है, तो परीक्षा के लिए उसकी उम्मीदवारी भारतीय नौसेना/एडमिरल सुपरिटेंडेंट, नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई द्वारा निरस्त कर दी जाएगी.

16. **उम्मीदवारी की अस्वीकृति-** अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे ऑनलाइन आवेदन करने से पहले सभी अनुदेशों को ध्यानपूर्वक और अच्छी तरह से पढ़ लें. उनके आवेदन/उम्मीदवारी निम्नलिखित किसी एक या अधिक कारणों से नामंजूर होने की संभावना है:-

(क) अपूर्ण आवेदन-पत्र.

(ख) ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई में विनिर्दिष्ट ट्रेड शिक्षुता के लिए निर्धारित अर्हता नहीं रखते हो.

(ग) कम आयु अथवा जन्म तिथि नहीं भरना अथवा गलत भरना.

(घ) दो अथवा अनेक आवेदन प्रस्तुत करना.

(ङ) स्पष्ट फोटोग्राफ के बिना, टोपी/चश्मा पहने हुए फोटोग्राफ, विकृत, पहचान योग्य न होने अथवा अस्पष्ट अथवा अज्ञात फोटो वाले आवेदन.

(च) कोई अन्य अनियमितताएं, जिससे आवेदक की उम्मीदवारी एडमिरल सुपरिटेंडेंट, नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई द्वारा अवैध घोषित कर दी जाए.

(छ) ऑनलाइन आवेदन पत्र में नाम, पिता का नाम और जन्मतिथि का कक्षा 10/आईटीआई प्रमाणपत्र के साथ मिलान न होना.

(ज) आवेदित ट्रेड और आईटीआई ट्रेड प्रमाणपत्र के मध्य असंगतता.

(झ) गलत आधार कार्ड विवरण प्रदान करना.

**किसी भी स्पष्टीकरण/सहायता के लिए, अभ्यर्थी निम्नलिखित पर ई-मेल/संपर्क कर सकते हैं:-**

**ई-मेल: navaldockmumbai2@gmail.com**

**हेल्पडेस्क नंबर- 033-24140047**

सीबीसी 10702/11/0118/2324 रो.स. 51/96